## एक नजर में



### कवि ठाकुर सर्किटाचार्य सम्मान से अलंकृत

**उज्जैन।** विक्रम वाटिका परिवार द्वारा विक्रम वाटिका में प्रात :कालीन व्यायाम प्रेमियों के होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के संयोजक चंद्र विजय सिंह छोटू बना एवं पंकज पंवार ने बताया कि हास्य व्यंग्य एवं मस्ती से सराबोर ठहाकों की महफिल में हास्य व्यंग्य कवि सुरेंद्र सिंह ठाकुर को सर्किटाचार्य सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में हास्य व्यंग्य की पिचकारियां चलीं। कवि राहुल शर्मा ने कहा कि काव्य मंचों पर जिसने मुस्कान सजाई जीवन में खूब कवयित्रियां पटाई, दुबले पतले हैं किंतु पूरे फिट हैं हास्य व्यंग्य के मुस्कुराते सर्किट हैं। कवि डॉ. विवेक विक्रम ने रिटायरमेंट की जिंदगी पर तंज करते हुए कहा कि रिटायर होया बाद कैसी चली री जिंदगी की गाड़ी यार। कई मत पूछो, अबे नी तारीख याद रे नी वार, अबे तो रोज रविवार। अंतरराष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज ने फरमाया कि रिश्ते तमाम रील की नोजी में आ गए, भैया के सारे ऐब तो भौजी में आ गए, तुम ही बताओ कैसे लिखें गीत और गज़ल, अश्कों के बहते धारे इमोजी में आ गए। कार्यक्रम का सजेदार एवं मजेदार संचालन शैलेंद्र व्यास ने किया। इस अवसर पर विक्रम वाटिका परिवार के अमित शर्मा, सुरेंद्र दयाल, पुष्कर बाहेती, सुगन चंद जैन, कवि अशोक भाटी, दिनेश अनल, शशांक दुबे, मुकेश जोशी, आरएस चौहान, श्यामदेव महेश्वरी, दिलीप, गोविंद, तेज सिंह सांखला, दिनेश विजयवर्गीय, अजय गहलोत, श्याम महेश्वरी, नरेंद्र चौरसिया, नवतेज सिंह आदि उपस्थित थे।



### सिंधी राष्ट्रीय मंच के उज्जैन जिलाध्यक्ष बने लुल्ला

**उज्जैन।** सिंधी राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक बेलानी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष रोशन उतमानी द्वारा विनोद लुल्ला को उज्जैन जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विनोद लुल्ला के मनोनयन पर समाजसेवी महेश परयानी, गोपाल बलवानी, ललित लुल्ला, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, किशोर मुलानी, कमल शहलानी, कपिल बशानी, दौलत खेमचंदानी, रमेश समधानी, प्रताप रोहरा, अजय रोहरा, दौलत लुल्ला, राजकुमार केवलरमानी, राजकुमार परसवानी, जवाहर सन्मुखनी, वासु खत्री, अशोक रजवानी, तुलसी राजवानी, चतरु वासवानी, अशोक चावला, जवाहर जयसिंघानी, मुकेश सेवारामणी, सुनील खत्री, ओम आहुजा, पुरषोत्तम रायसिंघानी, उमेश ददलानी, संतोष लालवानी, दिलीप धनवानी एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।



### भाजपा ने लोकशक्ति पर मनाया नववर्ष

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर विक्रम संवत संवत्सर नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर प्रभारी मंत्री गोतम टेटवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को गुड़ी पड़वा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शक्ति की आराधना का यह पर्व प्रदेश के नागरिकों के विकास तथा खुशहाली की ओर कदम बढ़ाने की शक्ति प्रदान करेगा। हमारी संस्कृति में सभी त्योहारों को हर्ष, उत्साह और सद्भाव के साथ मनाने की परंपरा रही है। सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि नव संवत्सर हमें पुरानी असफलताओं को भूलकर नई ऊंचाईयों को हासिल करने का संदेश देता है। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, राजेन्द्र भारती, जगदीश अग्रवाल, ओम जैन, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, मुकेश यादव, शेलू शर्मा, अनिल शिंदे सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

### कवि चौधरी घटकरपर सम्मान से अलंकृत

**उज्जैन।** श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के तत्वावधान में वर्ष प्रतिपदा उत्सव 2083 विक्रम संवत का आयोजन विक्रमादित्य सभागृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश जोशी निर्देशक प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन एवं बृजेश त्रिपाठी अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, राजेश बुनकर शाखा प्रबंधक केनेरा बैंक, सुरेन्द्र चतुर्वेदी थे। अतिथियों का स्वागत मंडल के राजेंद्र जोशी, अध्यक्ष प्रमेंद्र यादव, उपाध्यक्ष संतोष जाधव, कोषाध्यक्ष पवन नागर ने किया। कार्यक्रम में घटकरपर सम्मान कवि कमल चौधरी को अतिथियों द्वारा अलंकृत किया गया। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में विक्रम संवत 2083 की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए मंडल की गतिविधियों के साथ कार्यों की सराहना की गई। श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के पदाधिकारी एवम अतिथियों द्वारा विक्रम संवत 2083 का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर हरसिद्धि भक्त मंडल के पदाधिकारी सुनील वर्मा, वीरेंद्र शर्मा, जगदीश चंद्र शर्मा, राजेश नागर, विनय नामदेव, सत्यनारायण तोनगरिया, अभिजित दुबे, रानी दुबे, कल्पना नायक, डॉ.अंजना शुक्ला आदि मौजूद रहे। संचालन अवधेश माथुर ने किया एवं आभार भक्त मंडल सदस्य ज्ञान सिंह कुशवाहा ने माना।

# 7 दिन नि :शुल्क चलेगा स्विमिंग पूल, सीएम ने किया उद्घाटन




**उज्जैन।** वर्ष प्रतिपदा, नवरात्रि हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन पहुंचे और यहां पर विभिन्न आयोजन में शामिल हुए। प्रमुख तौर पर विक्रम उत्सव का कार्यक्रम रामघाट पर हुआ। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को उज्जैन पहुंचे, यहां पर उन्होंने कई कार्यक्रम शामिल होकर सौगात भी दी, उसके पश्चात मुख्य रूप से विक्रम उत्सव के आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। सीएम में स्विमिंग पूल का लोकार्पण किया। जिसे 7 दिन तक नि:शुल्क चलाया जाएगा। उज्जैन विकास प्राधिकरण ने 8 करोड़ की लागत से नैवेद्य का निर्माण किया जिसका भूमि पूजन वर्ष 2023 में डॉ. यादव ने किया था। उसी का लोकार्पण भी गुरुवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया। दरअसल उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल ने स्विमिंग पूल के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की थी 25 मार्च तक स्विमिंग पूल को नि:शुल्क कर दिया जाए। जिससे आम जनता और बच्चे इसका लुफ्त उठा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा तरणताल 7 दिन तक नि:शुल्क संचालित होगा। दरअसल 25 मार्च को सीएम डॉक्टर यादव का जन्मदिन है। नवभारत से चर्चा में यश ठाकुर ने बताया कि सांवरिया वडा पाव के नाम से दुकान नंबर 21 संचालित थी। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद सांवरिया वडा पाव की दुकान नंबर 21 पर पहुंचे और उन्होंने अपने हाथों से गन्ने से जूस निकाल कर पिया, यह हम सबके लिए बड़े गौरव का विषय है।

### दिवंगतों के घर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

उज्जैन के तीन युवाओं की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जब वह राजस्थान कार से जा रहे थे। तब उन्हेल रोड पर एक आयशर ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो युवा अब्दालपुरा निवासी थे और एक युवा का घर सिंधी कॉलोनी में है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को उज्जैन पहुंचे तो तीनों युवाओं के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. की कैलाश शर्मा स्व. देवेंद्र जोशी और सुरेश नवलानी के घर पहुंच कर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया।

### शहर में नैवेद्य लोक की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2022 को महाकाल मंदिर परिसर में महाकाल लोक का लोकार्पण किया था उसके बाद लगातार दो से तीन लाख श्रद्धालु देश-विदेश से उज्जैन पहुंच रहे हैं ऐसे में दर्शन करने के बाद में अलग अलग व्यंजनों का भी लुप्त श्रद्धालु उठा सकेंगे ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नैवेद्य लोक का लोकार्पण गुरुवार को किया। इसके साथ ही गर्मी का दौर प्रारंभ हो गया है ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों को लंबे समय से स्विमिंग पूल का इंतजार था। पुराने स्विमिंग पूल को तोड़कर नया स्विमिंग पूल बनाया गया है, और इसका लोकार्पण कोठी रोड पर किया गया।

## भाजपा नगर के तीन मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग



**उज्जैन।** भाजपा नगर द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत भाजपा ग्रामीण मंडल, महाराजवाडा मंडल व केशव नगर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्रों में पार्टी के वक्ताओं ने भाजपा का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, केन्द्र सरकार की योजनाएं, कार्य पद्धति, प्रदेश सरकार की उपलब्धियां विषय पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। समापन सत्र में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम सभापति कलावती यादव ने कहा भाजपा संगठन प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया जिनमें लगातार कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है। कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, डॉ प्रभुलाल जाटवा, ओम जैन, कमल बैरवा, सुहास वैद्य ने कार्यकर्ताओं को अलग अलग विषय पर संबोधित किया।

## आंधी के साथ जोरदार बारिश ने बदला मौसम

- बादलों से गड़गड़ाहट की आवाज और बारिश ने शहर को भिगो दिया

**उज्जैन।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन शाम को अचानक धूल भरी आंधी के साथ मौसम का मिजाज बदल गया। बादलों से गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई देने लगी और बारिश ने शहर को भिगो दिया। मौसम विभाग में एक-दो दिन इसी तरह आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार एक साथ पांच सिस्टम एक्टिवेट होने से प्रदेश के मौसम का मिजाज बदल गया है। प्रदेश के कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। बदले मौसम के मिजाज का असर गुरुवार शाम धार्मिक नगरी उज्जैन में भी दिखाई दिया। अंधेरा डालने के साथ ही धूल भरी आंधी चलने लगी और कुछ देर में ही बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई। दिन में 35 डिग्री के करीब पहुंच चुके तापमान से महसूस हो रही गर्मी में बारिश की वजह से राहत आ गई थी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मध्य प्रदेश में वर्तमान समय में विभिन्न ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका (ट्रफ) के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। विशेष रूप से उत्तर मध्य प्रदेश के ऊपर बने सिस्टम का प्रभाव भोपाल सहित आसपास के जिलों में देखने को मिल रहा है। प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम आंशिक रूप से अस्थिर बना रहेगा। दिन के तापमान में वृद्धि के साथ हल्की गर्मी का एहसास होगा, जबकि शाम के समय बादल छाने और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना एक-दो दिन तक बनी हुई है।

## अवैध शराब के साथ भाटपचलाना पुलिस ने युवक को लिया हिरासत में

**उज्जैन।** अवैध शराब के साथ हिरासत में आये युवक की पुलिस ने तलाशी भी तो उसके पास से पिस्टल बरामद हो गई, जो लोहे की थी लेकिन नकली होना सामने आई। पुलिस में आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेजा है। भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात रूनिजा की ओर से बाइक क्रमांक एमपी 11 एमडब्ल्यू 7892 पर सवार युवक झोले में शराब छुपाकर भाटपचलाना की ओर आ रहा है। युवक को पकड़ने के लिये एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक हरगोविंदसिंह, आरक्षक जीवन जाट, सुंदरलाल भंवर, राजेश सोयल और हितेश निम्बोला के साथ रूनिजा मार्ग बड़ी पुलिया के पास नाकाबंदी की गई। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। झोले में कच्ची जहरीली शराब की केन रखी पाई गई।

### कमर में छुपाकर रखी थी नकली पिस्टल

शराब के साथ बाइक को जब्त कर युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम दीपक पिता रतनलाल नरवरिया निवासी नागदा कानवन सामने आया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49 ए का प्रकरण दर्ज किया गया और तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास से कमर में छुपाकर रखी पिस्टल बरामद हुई। जो नकली है।

## चैत्र नवरात्रि : देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ आराधना

- नौ दिनों तक आराधना में माता के भक्त उपवास तप में रहेंगे मग्न




**उज्जैन।** शक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि गुरुवार को देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ शुरू हो गया। नौ दिनों तक आराधना में माता के भक्त उपवास तप में डूबे रहेंगे। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का क्रम बना रहेगा।

वर्ष में माता आराधना का पर्व नवरात्रि चार बार मनाया जाता है। सालभर में दो गुप्त नवरात्रि सहित चैत्र और शारदीय नवरात्रि सहित 4 नवरात्रि मनाई जाती है। वहीं शारदीय नवरात्रि के साथ चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था में डूबा होता है। गुरुवार से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हुई है। 52 शक्तिपीठों में से एक हरसिद्धि माता मंदिर में सुबह विशेष पूजा अर्चना और अनुष्ठान के साथ घट स्थापना की गई। सुबह से ही मंदिर में माता के भक्त दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो गए थे। 9 दिनों तक हरसिद्धि माता मंदिर में माता शयन नहीं करेगी। मंदिर परिसर में दीपमालिका सुबह शाम और दोपहर प्रज्जवलित होती रहेगी। एक माह पहले ही दीपमालिका प्रज्जवलित करने की बुकिंग श्रद्धालु कर चुके थे। शहर के मध्य स्वयंभू मां छात्रेश्वरी चामुंडा माता के दरबार में भी घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हुई। अखंड ज्योत जलाई गई है। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. शरद चौबे एवं पं. सुनील चौबे ने बताया कि इसके साथ ही सूर्य को अध्य देकर हिंदू नववर्ष भी मनाया गया। नवरात्रि के दौरान जनकल्याण की कामना से मंदिर में प्रतिदिन हवन और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा।

### महत्वपूर्ण विषयों पर दिया मार्गदर्शन

महाकवि कालिदास की आराध्या मां गढ़कालिका के अतिप्राचीन मंदिर में नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। प्रबंधक मूलचंद जाटवा ने बताया प्रतिदिन दीपमालिकाएं जलेंगी, नवरात्रि के दौरान दोपहर 12 बजे आरती और शाम को 6.30 से 6.45 बजे के बीच आरती की जाएगी। दोनों समय श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। शहर के अति प्राचीन माता मंदिरों में बिजासन सावन भादो माता मंदिर, भूखी माता मंदिर, नगरकोट माता मंदिर, बिजासन टेकरी माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर में भी नवरात्रि पर्व के दौरान विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

## भगवान झूलेलाल की भव्य प्रतिमा के समक्ष मनेगा चेटीचंड महापर्व



**उज्जैन। सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व आज 20 मार्च को शहर में पूर्ण हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन सतराम सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल उद्यान में होगा। यहां विश्व की सबसे भव्य और विशाल भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

उल्लेखनीय है कि इस विशाल प्रतिमा का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है। आयोजन की शुरुआत भगवान झूलेलाल की भव्य महाआरती के साथ होगी। आरती के पश्चात आसमान में रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन और प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। इस भव्य आयोजन में समस्त समाजजनों से शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध समाज के वरिष्ठ रूप पमनानी, मुकेश जेठवानी, दीपक वाधवानी, दयाल वाधवानी, धर्मेंद्र लालवानी, नरेश सीतलानी और राजकुमार परसवानी सहित समाज के कई अन्य गणमान्य नागरिकों ने किया है।

### मुंबई-पुणे के फूलों से विशेष श्रृंगार

महेश सीतलानी ने बताया कि महापर्व को लेकर उद्यान में व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रतिमा और संपूर्ण उद्यान को मुंबई और पुणे से मंगाए गए विशेष फूलों से सजाया जा रहा है। पर्व के उपलक्ष्य में एक विशाल सिंधी मेले का आयोजन भी होगा, जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और पारंपरिक सिंधी व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

## सभापति ने एरिना में किया कुश्ती रिंग का भूमिपूजन

- वार्ड क्रमांक 24 स्थित क्षीरसागर में हुआ आयोजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 24 स्थित क्षीरसागर कुश्ती एरिना पर निगम अध्यक्ष मद की राशि रुपए लगभग 5 लाख की लागत से बनने वाले कुश्ती रिंग का भूमि पूजन गुरुवार को सांसद अनिल फिरोजिया, निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, पार्षद एवं झोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल महामंत्री विनोदिनी पाटीदार, विकास राठौड़ की मौजूदगी में हुआ।

नगर निगम द्वारा निगम अध्यक्ष मद की राशि रुपए लगभग 5 लाख की लागत से क्षीरसागर स्थित कुश्ती एरिना में कुश्ती रिंग का निर्माण किया जाएगा। जिसमें 40 बाय 40 फीट के ओटले का निर्माण किया जाएगा। जिसमें दंगल के साथ-साथ कुश्ती भी लड़ी जा सकेगी। दोनों प्रकार से इस कुश्ती रिंग का उपयोग हो सकेगा। निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा कहा कि कुश्ती रिंग के बनने से इसमें दंगल के साथ-साथ कुश्ती का भी आयोजन हो सकेगा एवं अतिरिक्त व्यय में कमी आएगी। कुश्ती रिंग में मापदंड एवं गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए।

**मंदिर में गुड़ी पड़वा मना** ▶ सुबह शिखर का ध्वज बदला, नैवैद्य कक्ष में घट स्थापना की गई

# गुड़ी पड़वा पर भगवान महाकाल का नीम मिश्रित जल से स्नान

**उज्जैन।** व्रत त्योहार कोई भी हो हमेशा शुरुआत महाकाल मंदिर से होती है। चाहे दीपावली या फिर नवरात्रि छोटी, बड़ी और होली सभी त्योहार सर्वप्रथम महाकाल मंदिर में ही मनाए जाते हैं। उसके उपरांत शहर में इसकी शुरुआत होती है।

हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में गुरुवार को भस्मारती के दौरान भगवान को पुजारियों ने नीम मिश्रित जल से स्नान कराया। मुख्य शिखर का ध्वज बदला गया तो परंपरा अनुसार शासकीय पुजारी घनश्याम गुरु ने नेवैद्य कक्ष में गुड़ी आरोहण कर नीम व मिश्री का भोग लगाया। भस्मारती से पूर्व तड़के 4 बजे मंदिर के पट खोले गए। इसके पश्चात पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित चांदी की गणेश, कार्तिकेय, पार्वती जी की प्रतिमा को स्नान कराकर पूजन-अर्चन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जल व पंचामृत से अभिषेक कर भांग व सूखे मेवे से श्रृंगारित किया गया। परंपरा अनुसार मुख्य शिखर का ध्वज पूजन-अर्चन के बाद महानिर्वाणी अखाड़े के सहयोग से बदला गया। मंदिर के नेवैद्य कक्ष में भगवान का पूजन, गुड़ी पूजन कर पकवानों का भोग लगाया गया। वहीं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना की गई। हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर शिप्रा तट पर आयोजित विक्रमोत्सव में प्रस्तुति देने से पहले ख्यात संगीतकार एवं पार्श्वगायक विशाल मिश्रा गुरुवार को तड़के 4 बजे महाकाल के दरबार में पहुंचे। वे भस्मारती में शामिल हुए व नंदी हॉल में बैठकर उन्होंने बाबा की पूरी आरती देखी। आरती के बाद उन्होंने गर्भगृह के बाहर से महाकाल का आशीर्वाद लिया। पुजारियों ने उनका पूजन कराया। मिश्रा ने कबीर सिंह, एनिमल, वीरे दी वेडिंग और नोटबुक जैसी फिल्मों में संगीत दिया और गाने भी गाए हैं।





### हरसिद्धि मंदिर में पहले दिन घट स्थापना

हरसिद्धि मंदिर में गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन विधि-विधान से घट स्थापना की गई। शाम को दीपमालिकाएं प्रज्जवलित की गई। नवरात्रि के पहले दिन से ही हरसिद्धि सहित प्रसिद्ध गढ़कालिका, चामुंडा माता, नगरकोट की महारानी आदि देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लग गया। हरसिद्धि मंदिर के पुजारी रजत गिरि गोस्वामी ने बताया कि मंदिर के सुबह 4 बजे पट खोले गए। इसके बाद चांदी का मुखौटा पहनाया गया। सुबह 8 बजे विधिवत घट स्थापना की गई।

## कार चलाना सीख रहे युवक ने तीन गाड़ियों को मारी टक्कर

- ढांचा भवन क्षेत्र में गुरुवार सुबह का मामला, बाइक भी क्षतिग्रस्त की

**उज्जैन।** ढांचा भवन क्षेत्र में गुरुवार सुबह युवक को कार चलाना सीखना उसे वक्त महंगा पड़ गया जब वह रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कॉलोनी में खड़ी 3 कारों को ठोक दिया। कार मालिकों को डेढ़ से 2 लाख का नुकसान हुआ है।

बताया जा रहा है कि ढांचा भवन में रहने वाला प्रीतम परिहार डिजायर कार लेकर आया था। जिसे वह चलाना सीख रहा था। आज सुबह वह कार लेकर क्षेत्र में ही चला रहा था। तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। कार अनियंत्रित हो गई और ढांचा भवन में ही रहने वाले दीपक जैन, यशवंत खोयरे और श्याम अग्रवाल के घर के बाहर खड़ी कारों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। यही नहीं प्रीतम परिहार की अनियंत्रित हुई कार से कुछ दोपहिया वाहन भी टकराकर गिर गए थे। घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति अनियंत्रित कार की चपेट में नहीं आया। क्षतिग्रस्त हुई तीन कारों में डेढ़ से दो लाख रुपए का नुकसान होना सामने आया है। मामले की जानकारी लगते ही चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। चालक से पूछताछ की जा रही है वहीं उससे लायसेंस और कार संबंधित दस्तावेजों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### ग्राम रूई में चाकूबाजी, एक युवक घायल

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रूई में गुड़ी पड़वा और हिंदू नववर्ष के मौके पर मेला आयोजित किया जाता है। आसपास के ग्रामीण मेले में पहुंचते हैं। ग्राम धूलमहू का रहने वाला पूरन पिता तेजू लाल दायमा अपने भाई अरुण और दोस्त विकास के साथ शाम को मेला देखने पहुंचा था। इस दौरान शराब पीकर आए कुछ युवकों से टल्ला लगने की बात पर विवाद हो गया। युवको ने चाकू से पुरन पर हमला कर दिया। पुरन के सिर में चाकू लगने पर उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया मामले में पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर प्रकरण दर्ज किया गया है।